जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः परीक्षा-2/गोप0/2024/1177 दिनांकः 06.07.2024

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्य,
समस्त अग्रणी महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

विषय :- विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में उड़नदस्ते दल की नियुक्ति बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वर्तमान में विश्वविद्यालयीन परीक्षायें संचालित हो रही हैं, कुछ परीक्षा केन्द्रों पर नकल की शिकायतें प्राप्त हुई तथा मीडिया में इसका प्रकाशन भी हुआ है। जिलाधीश महोदय के द्वारा भी नाराजगी व्यक्त की गई है।

अतः अग्रणी महाविद्यालय के सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे परीक्षाओं में शुचिता, कसावट बनाये रखने हेतु 04 सदस्यीय जिला स्तरीय उड़नदस्तें दल का गठन करें। यह जिला स्तरीय उड़नदस्ता सम्पूर्ण जिले में परीक्षाओं में सतत निगरानी कर नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने का कार्य करेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक